आज (31 अगस्त 2021) के महत्वपूर्ण वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- भारतीय पैरालंपिक निशानेबाज, **अवनि लेखारा (19 वर्षीय)** ने **टोक्यो पैरालिंपिक 2020** में महिलाओं की 10मी. एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में **भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक** जीता है।
- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के पूर्व अध्यक्ष, **रजनीश कुमार** को **30 अगस्त, 2021 से हांगकांग एवं शंघाई बैंकिंग निगम (HSBC) एशिया** इकाई का **स्वतंत्र निदेशक** नियुक्त किया गया है।
- भारत के डिस्कस थ्रोअर, **योगेश कथुनिया (24 वर्षीय)**ने **पुरुषों के डिस्कस थ्रो F56 फाइनल इवेंट** में **2020 टोक्यो पैरालिंपिक में** रजत पदक जीता।
- **पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA)** ने **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के लिए प्रवेश आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दी है।**
- भारतीय ऑलराउंडर **स्टुअर्ट बिन्नी** ने 30 अगस्त 2021 **को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास** की घोषणा की है।
- **PhonePe** को **भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI)** से बीमा ब्रोकिंग लाइसेंस मिला है।
- **केंद्र सरकार** ने **प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कराधान मामलों से संबंधित अपील दाखिल करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित** करने के लिए **तकनीकी मंच** विकसित करने हेतु एक समिति का गठन किया है।
- प्रख्यात बंगाली लेखक **बुद्धदेव गुहा (85 वर्षीय)** का कोलकाता के एक निजी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।
- लद्दाख के उपराज्यपाल **आरके माथुर** ने पूर्वी लद्दाख के **चांगथांग** क्षेत्र के **कोरज़ोक में 2-दिवसीय लद्दाख नोमैडिक फेस्टिवल (खानाबदोश महोत्सव)** का उद्घाटन किया।
- छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा सुविधाओं में बदलाव करने और मुहैया करने के केंद्र सरकार के उद्देश्य के तहत **मध्य प्रदेश** आधिकारिक तौरपर राज्य में **एनईपी 2020** लॉन्च करके ऐसा करने वाला दूसरा राज्य बन गया।
- **भारत सरकार** और **मालदीव** ने **मेगा ग्रेटर मेल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (GMCP) के** लिए समझौता किया है, जो मालदीव में अब तक की सबसे बड़ी नागरिक बुनियादी ढांचा परियोजना है।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG)** ने 22 से 28 अगस्त, 2021 तक **'गांडिव'** शीर्षक से सप्ताह भर चलने वाला आतंकवाद-रोधी अभ्यास किया है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now